प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 10.11.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचार:–**

1–केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में सहकारिता पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया।

2–छत्तीसगढ़ सरकार कल गुजरात के अहमदाबाद में निवेशक कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित करेगी।

3–आईआईटी भिलाई के आज हुए दीक्षांत समारोह में जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

4– बालोद जिले के बुढ़ानपुर गांव के राजेन्द्र देशमुख का चयन भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में हुआ है।

**अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन–सहकारी कुंभ**

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि शहरी सहकारी बैंकों को महत्वाकांक्षी युवाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए आगे आना चाहिए। आज नई दिल्ली में शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन–सहकारी कुंभ–दो हजार पच्चीस का उद्घाटन करते हुए श्री शाह ने यह बात कही। श्री शाह ने कहा कि पांच वर्षों के भीतर दो लाख से अधिक आबादी वाले प्रत्येक कस्बे में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना युवा पीढ़ी को सहकारिता से जोड़ने और सहकारी क्षेत्र के लिए पेशेवर तैयार करने के उद्देश्य से की गई है।

**हमने त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी बनाई है, जो नए प्रोफेशनल्स तैयार करेगी, जो कॉपरेटिव सेक्टर की हर प्रकार की जरूरतों को पूरा करेगी। तो एक जनरेशन पूरी अमृत पीढ़ी की जो 2047 तक हमारे कॉपरेटिव सेक्टर को आगे ले जाएगी उसको तैयार करने का हमने लक्ष्य रखा है।**

**मुख्यमंत्री–निवेशक कनेक्ट कार्यक्रम**

वाणिज्य और उद्योग विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार कल ग्यारह नवम्बर को गुजरात के अहमदाबाद में निवेशक कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। गुजरात रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि इसमें वस्त्र, फार्मा, फूड प्रोसेसिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों में विकास के अवसरों का प्रदर्शन होगा।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज गुजरात के गांधीनगर स्थित 'न्यू अ मेकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी–नेमटेक' का भ्रमण किया। यह संस्थान मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी की पढ़ाई को नवीन और आधुनिक तरीके से सिखाने के लिए जाना जाता है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज गांधीनगर में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों मुख्यमंत्रियों ने परस्पर सहयोग और विकास के अनुभव साझा किए।

**आईआईटी भिलाई–दीक्षांत समारोह**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी भिलाई का पांचवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। समारोह में जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आईआईटी के डायरेक्टर राजीव प्रकाश ने बताया कि दीक्षांत समारोह के दौरान दो हजार पच्चीस के स्नातक बैच के दो सौ उनहत्तर विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई।

दीक्षांत समारोह में पच्चीस डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी, चौबीस मास्टर ऑफ साइंस, अंठावन मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी, दस बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी बी–टेक ऑनर्स और एक सौ बावन बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी–बी टेक के छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई।

**राज्यपाल–सड़क दुर्घटना**

राज्यपाल रमेन डेका ने राजधानी रायपुर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था और लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने आज राजभवन में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की बैठक लेकर इस संबंध में विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

वहीं, राज्यपाल ने आज राजभवन में लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव अमित कटारिया के साथ बैठक कर सिकल सेल बीमारी की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों पर चर्चा की। उन्होंने राज्य में सिकलसेल और टी.बी. जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम और उन्मूलन के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष दो हजार छब्बीस तक छत्तीसगढ़ को टी.बी. मुक्त राज्य बनाना है।

**उपमुख्यमंत्री–समीक्षा बैठक**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज सुकमा जिले के पूवर्ती गांव पहुंचे। यहां उन्होंने नक्सली नेता हिड़मा और बारसे देवा के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने दोनों नक्सली नेताओं से आत्मसमर्पण करने की अपील की।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान कल बीजापुर में नक्सल उन्मूलन और अंदरूनी क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। श्री शर्मा ने कहा कि इन्द्रावती नदी के किनारे बसी पंचायतों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए मोटर बोट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने प्रत्येक गांव में आशा और मितानिन कार्यकर्ता की नियुक्ति जल्द करने को कहा।

**एसआईआर–गणना प्रपत्र**

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत अब तक करीब तिरालीस लाख मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं, जो कि मतदाताओं की कुल संख्या का लगभग इक्कीस प्रतिशत है। प्रदेश में पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या दो करोड़ बारह लाख तीस हजार सात सौ सैंतीस है। चार नवम्बर

से एसआईआर की शुरूआत के बाद से बीएलओ घर–घर पहुंचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं।

**राष्ट्रपति दौरा–तैयारी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के बीस नवम्बर को अम्बिकापुर आगमन को लेकर तैयारियां जोरशोर से जारी हैं। राष्ट्रपति भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। यह आयोजन अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में होगा। इसमें सरगुजा संभाग के विभिन्न जनजातीय समुदाय शामिल होंगे।

अंबिकापुर कलेक्टर विलास भोसकर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल सहित प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

**राजेन्द्र देशमुख–अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच**

बालोद जिले के छोटे से गांव बुढ़ानपुर के राजेन्द्र देशमुख का चयन भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में हुआ है। तेरह नवंबर से श्रीलंका में शुरू हो रही  पांचवी टी–ट्वेंटी सीरीज में राजेन्द्र देशमुख भी भारत की ओर से क्रिकेट मैच में हिस्सा लेंगे।

राजेंद्र ने बताया कि उनका जन्म बालोद के पास बुढ़ानपुर गांव में हुआ। स्कूल जीवन से ही वे क्रिकेट खेलते रहे हैं। उन्होंने वर्ष दो हजार अट्ठारह में दिव्यांग क्रिकेट ट्रायल दिया और शानदार बॉलिंग तथा बैटिंग के दम पर छत्तीसगढ़ टीम में चयनित हुए। अब तक वे छत्तीसगढ़ की ओर से डेढ़ सौ से अधिक मैच खेल चुके हैं।

**सुपरक्रॉस बाइक रेसिंग चैंपियनशिप**

राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा आउटडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय सुपरक्रॉस बाइक रेसिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अनेक गणमान्य नागरिक इस चैंपियनशिप को देखने के लिए पहुंचे।

गौरतलब है कि दो दिवसीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस बाइक रेसिंग चैंपियनशिप में देशभर से आए सौ से अधिक प्रोफेशनल राइडर्स शामिल हुए।

**मुख्यमंत्री–कल्चुरी कलार समाज**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर जिले के रतनपुर में आयोजित कल्चुरी कलार समाज के महासम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रतनपुर में सौ बिस्तर वाले अस्पताल की स्थापना तथा कल्चुरी समाज के सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

**स्टेट हैंगर–शुभारंभ**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल परिसर, माना कैम्प के पास स्टेट हैंगर के नियमित परिचालन का शुभारंभ किया। शुभारंभ के बाद मुख्यमंत्री स्टेट हैंगर से ही गुजरात के लिए रवाना हुए। स्टेट हैंगर के शुरू हो जाने से एयरपोर्ट के यात्री टर्मिनल पर वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान आम यात्रियों को

होने वाली असुविधा दूर होगी। साथ ही राज्य में विशेष विमान द्वारा वीवीआईपी आगमन और प्रस्थान की व्यवस्थाएं अब और अधिक सुगम तथा व्यवस्थित हो जाएगी।

**<u>समाचार संक्षेप में ...</u>**

—राज्यपाल और कुलाधिपति रमेन डेका ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के प्रोफेसर डॉक्टर राजेन्द्र लकपाले को अंबिकापुर स्थित संत गहिरा गुरू विवविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया है।

—मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में वरिष्ठ पत्रकार शंकर पांडे की पुस्तक ''छत्तीसगढ़ अतीत से अब तक'' का विमोचन किया।

—जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान रायपुर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर जिले के केवतरा गांव के तीस जनजातीय किसान शामिल हुए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>